दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik
asliazadidainikofficial

# असली आज़ादी

The Voice of Union Territory Dadra and Nagar Haveli and Daman-Diu Since 2005
www.asliazadi.com

■ वर्ष: 21, अंक: 228 ■ दमण, शनिवार 30, मई 2026 ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

# नई दिल्ली में प्रशासक प्रफुल पटेल ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा से की मुलाकात









## ■ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा से केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव और केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप से जुडे विकास एवं अन्य मुद्दों पर प्रशासक प्रफुल पटेल ने की चर्चा-विचारणा

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली 29 मई। नई दिल्ली में आज प्रशासक प्रफुल पटेल ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय मंत्री जे. पी. नड्डा से मुलाकात की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय मंत्री जे. पी. नड्डा से प्रशासक प्रफुल पटेल ने केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव और केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के विकास एवं अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा-विचारणा की। इससे पहले प्रशासक प्रफुल पटेल ने दोनों केंद्रशासित प्रदेशों की जनता की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा को फुलों का गुलदस्ता भेंटकर अभिवादन किया था। गौरतलब है कि केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव और केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के विभिन्न महत्वकांक्षी प्रोजेक्टों और योजनाओं के लिए केंद्र सरकार की हमेशा हरी झंडी मिल जाती है। यह इसलिए संभव होता है क्योंकि प्रशासक प्रफुल पटेल के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, सडक एवं परिवहन मंत्री, उर्जा मंत्री सहित सभी केंद्रीय मंत्रियों के साथ अच्छे रिश्ते है। यहीं अच्छे रिश्तों का फायदा दोनों केंद्रशासित प्रदेशों की जनता को मिल रहा है।

# एशिया की सबसे पुरानी दमण म्युनिसिपल काउंसिल की 9 साल तक प्रेसिडेंटशिप संभालने वाले भाजपा नेता विशाल टंडेल का जन्मदिन आज

■ 1996 में सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाले माछीमार समाज के युवा विशाल टंडेल ने लगातार 3 दशक से दमण-दीव की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है ■ 2001 से 2010 तक दमण म्युनिसिपल काउंसिल के प्रेसिडेंट रहते हुए विशाल टंडेल ने शहर की गली-गली में सडक सहित अनेक विकास कार्यों को धरातल पर उतारकर शहर की जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराई थी ■ 2015 में पीएम मोदी के राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति से प्रभावित होकर विशाल टंडेल ने दमण-दीव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद छोडकर भाजपा में प्रवेश किया था



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 मई। एशिया की सबसे पुरानी दमण म्युनिसिपल काउंसिल की 9 साल तक प्रेसिडेंटशिप संभालने वाले भाजपा नेता विशाल टंडेल का आज जन्मदिन है। 2001 से 2010 तक डीएमसी प्रेसिडेंट पद पर रहते हुए विशाल टंडेल ने दमण शहर के सभी 15 वॉर्डों का सडक सहित की सुविधाओं के साथ संतुलित विकास किया था। 2015 में पीएम मोदी के राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति से प्रभावित होकर विशाल टंडेल ने दमण-दीव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद छोडकर भाजपा में प्रवेश किया था। पिछले 10 सालों से विशाल टंडेल भारतीय जनता पार्टी के सैनिक के रूप में काम कर रहे है। गौरतलब है कि 1996 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने वाले माछीमार समाज के युवा विशाल टंडेल ने लगातार 3 दशक से दमण-दीव की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आये है। आज उनके जन्मदिन पर उनके समर्थक, शुभेच्छक और नगरजन उन्हें जन्मदिन की बधाईयां देंगे।

# दादरा और नरोली पंचायतों में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम विभाग ने चॉल मालिकों को दिया प्रशिक्षण

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 29 मई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम विभाग दादरा नगर हवेली और दमण एवं दीव ने आज जिला पंचायत दादरा नगर हवेली के सहयोग से दादरा और नरोली पंचायतों में चॉल मालिकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम विभाग के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश वर्णेकर ने मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के पहलुओं, लार्वा सर्वेक्षण, बुखार के मामलों के सर्वेक्षण और एकीकृत वेक्टर नियंत्रण रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चॉल मालिकों से सहयोग करने और समय पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। जिला पंचायत दादरा नगर हवेली के राकेश ने सहयोग न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और जुर्माने के बारे में चर्चा की। दादरा पंचायत कार्यक्रम में दादरा और डेमनी दोनों पंचायतों को शामिल किया गया था। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दादरा के डॉ. मनीष राजभर, भारती हलपति, सुमित्रा पटेल, कमलेशभाई और अन्य पंचायत सदस्य उपस्थित थे। नरोली पंचायत कार्यक्रम में नरोली और खरड़पाड़ा पंचायतों को शामिल किया गया था। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरोली के डॉ. वीरेंद्र सोलंकी, सुनीता पटेल और अन्य पंचायत सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मगनभाई, कीर्तिभाई, दक्षाबेन और अन्य लोगों ने भाग लिया।



પ્રથમ પુણ્યતિથિએ શ્રદ્ધાંજલિ



સ્વ. મહેશકુમાર નટવરભાઈ દેસાઈ
જન્મ તા.: ૧૬/૦૫/૧૯૫૧ સ્વ. તા. ૩૦/૦૫/૨૦૨૫ (જેઠ સુદ ચોથ)

નથી હયાત તમે પણ સાથે હોય એવું લાગ્યા કરે છે. હર પલ હાજરીનો આભાસ લાગ્યા કરે છે. ક્યારેક કહેવાયેલ વાતોના ભણકારા વાગ્યા કરે છે. યાદોમાં તમારા પ્રત્યક્ષ દર્શન થયા કરે છે. પ્રભુ આપના દિવ્ય આત્માને શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.

ૐ શાંતિ...

લિ.
મહાશ્વેતાબેન મહેશકુમાર દેસાઈ (પત્ની)
રંજનબેન પ્રદિપભાઈ પટેલ (બહેન) પૈલુપાબેન વિજય પટેલ (બહેન)
મિતુલ મહેશકુમાર દેસાઇ (પુત્ર)
રીનલ સુભાષ ટંડેલ (પુત્રી) સુભાષ મોહન ટંડેલ (જમાઇ)
મીનલ ભાવેશ વડગામા (પુત્રી) ભાવેશ નાથાલાલ વડગામા (જમાઇ)

# महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को मजबूत करने के लिए पीआईबी अहमदाबाद में आईएमपीसीसी की बैठक आयोजित




(पीआईबी) अहमदाबाद। महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को मजबूत करने के लिए पीआईबी अहमदाबाद में आईएमपीसीसी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के अधीन विभिन्न विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों ने भाग लिया। विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के प्रचार-प्रसार और उनके बारे में भ्रामक सूचनाओं को दूर करने के लिए मीडिया के समन्वित प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया गया। पीआईबी अहमदाबाद में आयोजित आईएमपीसीसी की बैठक में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के प्रसार के लिए एकीकृत मीडिया प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें भ्रामक सूचनाओं का समाधान करना और सरकार की प्रमुख योजनाओं के लिए प्रचार रणनीतियों को मजबूत करना शामिल था। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के व्यापक प्रचार को और मजबूत करने तथा फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), अहमदाबाद द्वारा अंतर मीडिया प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और अन्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पीआईबी के महानिदेशक और आईएमपीसीसी के अध्यक्ष प्रशांत पथराबे ने की और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ( पीएसयू) और राज्य सरकार के सूचना विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान, केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के लिए संचार और जन जागरूकता रणनीतियों को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रचार और जन जागरूकता अभियान के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी दी और उनके समाधान पर चर्चा की। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विभिन्न विभागों की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया सहित विभिन्न मीडिया माध्यमों के एकीकृत उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही, भ्रामक सूचनाओं का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए सटीक और समय पर जानकारी के प्रसार को सुनिश्चित करने हेतु एक एकीकृत मीडिया दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

## दानह जिला प्रशासन के निर्वाचन विभाग ने बाविसा फलिया में एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 29 मई। दादरा नगर हवेली प्रशासन, निर्वाचन विभाग, एसआईआर टीम द्वारा 28/05/2026 को सिलवासा नगरपालिका की वाइस प्रेसिडेंट कविता सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता सूची अपडेट करने से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिलवासा, बाविसा फलिया (माहयावंशी फलिया, राज होटल के पास) निलेश सरपंच के घर के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुचारू, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से मतदाता सूची तैयार करनी है। इसलिए निर्वाचन विभाग एसआईआर टीम द्वारा सिलवासा वार्ड 04 के सभी रहवासियों को एसआईआर से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग एसआईआर अधिकारी मिलन सोलंकी एवं नोडल ऑफिसर डॉ. अनिता कुमार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात सिलवासा नगरपालिका की वाइस प्रेसिडेंट कविता सिंह ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को एसआईआर कार्यक्रम के तहत बताये गए मार्गदर्शन हेतु प्रेरित किया तथा एसआईआर के तहत दी गई जानकारी की सूचना सभी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए एसआईआर टीम का धन्यवाद करते हुए बाविसा फलिया (माह्यावंशी फलिया राज होटल के पास) निलेश सरपंच के घर के प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों को मतदाता सूची के इस कार्य को पूर्ण करने हेतु अपना सहयोग देने की अपील की।दादरा नगर हवेली के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम उनके गांव/राज्य/जिले की वर्ष 2002 अथवा 2003 की पिछली एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। यदि नाम की जानकारी उपलब्ध नहीं है, तो मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं, चुनाव विभाग कार्यालय में जाकर जांच कर सकते हैं अथवा वेबसाइट पर जाकर आवश्यक विवरण भरकर नाम खोज सकते हैं। यदि पिछले SIR-2002 या 2003 की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं मिलता है, तो मतदाताओं को अपने माता-पिता के नाम की पुष्टि करनी होगी। यदि माता-पिता के नाम की भी पुष्टि नहीं हो पाती है, तो संबंधित मतदाता को आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने होंगे।ये दस्तावेज अपने क्षेत्र के इछड अथवा चुनाव विभाग, सिलवासा में जमा करना आवश्यक होगा। आवश्यक दस्तावेजों में केंद्र/राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी हेतु जारी पहचान पत्र अथवा पेंशन भुगतान आदेश, 01 जुलाई 1987 से पूर्व जारी पहचान पत्र/प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मैट्रिकुलेशन अथवा शैक्षिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी अथवा अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र शामिल हैं। सभी मतदाताओं से विशेष अनुरोध है कि जब बूथ स्तरीय अधिकारी उनके घर आएं, तो वे पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। यह पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अतः दादरा नगर हवेली के सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की जाती है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी दमण के दिशानिर्देश में एसआईआर स्वीप टीम ने टंडेल/माछी समाज के साथ किया जागरूकता कार्यक्रम





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 मई। दमण प्रशासन, निर्वाचन विभाग, एसआईआर टीम द्वारा श्री माछी महाजन अध्यक्ष हर्जीभाई टंडेल, सचिव रविभाई टंडेल और सदस्य, श्री माछी महाजन महिला मंडल अध्यक्ष रमिला टंगाल, उपाध्यक्ष नीरुबेन टंडेल और सदस्य, श्री माछी महाजन एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष कांति पामसी और सदस्य एवं दमण नगरपालिका अध्यक्ष दीपिका टंडेल, काउंसिलर सिंपल कटेला एवं भाविका टंडेल के सहयोग से जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम द्वारा समाज के सदस्यों को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बताया गया कि 4 जून से 3 जुलाई तक इछड द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन एवं संबंधित कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सुचारू, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से तैयार करना तथा नागरिकों को विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन विभाग की एसआईआर स्वीप टीम द्वारा नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सभी मतदाताओं से खास अनुराध किया गया कि जब बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) 04.06.2026 से 03.07.2026 तक उनके घर आएं, तो वे अपना पूरा सहयोग दें ताकि रिवीजन प्रक्रिया आसानी से हो सके एवं यह जानकारी ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंचाने की अपील की गई। टीम द्वारा अनुरोध किया गया है कि टीम द्वारा सुनिश्चित करें कि उनका नाम वर्ष 2002 की पूर्व एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। यदि जानकारी उपलब्ध न हो, तो संबंधित मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं, निर्वाचन विभाग कार्यालय में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं अथवा संबंधित वेबसाइट पर आवश्यक विवरण भरकर अपना नाम खोज सकते हैं। या https://voters.eci.gov.in वेबसाइट पर ''search your name in last SIR'' का इस्तेमाल करके ज़रूरी डिटेल्स डालकर या चीफ इलेक्शन ऑफिसर, DNH और ऊऊ की ऑफिशियल वेबसाइट https://www.ceoddd.in पर ''search by detailsll [1]ff kksearch by EPIC Number'' या ''search by Polling Station'' पोर्टल में मौजूद ऑप्शन का इस्तेमाल करके अपना नाम सर्च कर सकते हैं। यदि पिछले SIR-2002 की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं मिलता है, तो मतदाताओं को अपने माता-पिता के नाम की पुष्टि करनी होगी। यदि माता-पिता के नाम की भी पुष्टि नहीं हो पाती है, तो संबंधित मतदाता को आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने होंगे और उन्हें अपने क्षेत्र के BLO अथवा निर्वाचन विभाग, दमण में जमा करने होंगे। (समाचार का शेष पेज 2 पर)

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में दमण सचिवालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में जानकारी देने के लिए राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 मई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली तथा दमण एवं दीव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में दमण सचिवालय में 29.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के बारे में जानकारी दी गई। बैठक के शुरुआत में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और उन्हें 'विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूचियों की शुद्धता, सटीकता और समावेशिता सुनिश्चित करने के उद्देश से चलाया जा रहा है और इसकी अर्हता तिथि 01.07.2026 निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि 'विशेष गहन पुनरीक्षण' का कार्यक्रम पहले ही जारी किया जा चुका है और SIR-2026 के तहत सभी गतिविधियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही पूरी की जाएँगी।प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन, दावे और आपत्तियाँ दर्ज करना, सत्यापन प्रक्रिया, प्राप्त आवेदनों का निपटारा और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ स्तरीय एजेंट (BLAs) की नियुक्ति जल्द से जल्द करें और इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित 'निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी' को दें, ताकि पुनरीक्षण अवधि के दौरान बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने में इछअ२ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है; वे मतदाताओं के सत्यापन में सहायता करते हैं, पात्र मतदाताओं की पहचान करने में मदद करते हैं, और जहाँ भी आवश्यक हो, दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराने में सहयोग करते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि पारदर्शी, त्रुटि-मुक्त और



समावेशी मतदाता सूचियों को बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों ने SIR-2026 की पूरी प्रक्रिया में निर्वाचन तंत्र को अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का आश्वासन दिया तथा वे निर्धारित समय पर BLAs की नियुक्ति करने पर भी सहमत हुए। बैठक में संघ प्रदेश दानह तथा दमण एवं दीव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरूण टी. सहित आशीष मोहन, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अमोल मेश्राम, सेवा दल अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, दादरा नगर हवेली, महेश धोड़ी, उपाध्यक्ष (राज्य समिति), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, दादरा नगर हवेली, गणेश भंडारी, दमण जिला महासचिव, भारतीय जनता पार्टी दमण, किरीट दमणिया, उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, दमण, प्रेम भंडारी, उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, दमण तथा निर्वाचन विभाग के पदधारी उपस्थित थे।

## दमण जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत हर रविवार को विशेष शिविर का होगा आयोजन

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 मई। दमण और दीव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के मद्देनजर दमण जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर हर रविवार को यानि 07/06/2026, 14/06/2026, 21/06/2026 और 28/06/2026 को बूथ दिवस के रूप में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दमण जिले की आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अपने गणना प्रपत्र (Enumeration Forms - EF) जमा करने के लिए इन बूथ दिवस (BOOTH DAY) शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं और साथ ही अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) से प्रपत्र जमा करने के संबंध में मार्गदर्शन भी प्राप्त करें।

स्वामीः मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)